तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

11 नवागांव कंडेल में भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया



12 गौरा-गौरी विसर्जन के साथ मना अन्नकूट महोत्सव





GE Signature Series
विश्वस्तरीय सोनोग्राफी मशीन राजिम में
भारत में केवल 120 मशीनें
पहली बार गर्भवती महिलाओं के बच्चे के दिल का जाँच की सुविधायें उपलब्ध अब राजिम में
लाईफ केयर
एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेंटर
पथर्रा रोड, राजिम मो.नं. 9340789101



## खबर संक्षेप



### बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर की आरती

**नवापारा-राजिम।** गुरुवार को समूचे अंचल में भाई-बहन के परस्पर प्रेम और स्नेह का पावन पर्व 'भाई दूज' बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। पर्व के दौरान, बहनों ने अपने भाइयों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और कुशलता की कामना करते हुए, उनके माथे पर श्रद्धापूर्वक तिलक लगाया और उनकी आरती उतारी। यह स्नेह और अपनत्व से सराबोर सिलसिला राजिम और नवापारा शहर के साथ-साथ क्षेत्र के हर गाँव में पूरा दिन चलता रहा। भाई-दूज का यह त्योहार, भाई-बहन के अटूट रिश्ते की मजबूती और पवित्रता को दर्शाता है, जिसे पूरे अंचल में उत्साह के साथ मनाया गया।

### दीपक बने साहू समाज कोपरा परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष

**कोपरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू समाज द्वारा प्रत्येक ग्रामीण व परिक्षेत्र में नए पदाधिकारी का चुनाव किया है जिसके बाद कार्यकारिणी का गठन भी शुरू हुआ। इसी परिपालन को पूरा करते हुए कोपरा परिक्षेत्र साहू समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पूरी टीम के द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें भाजपा के युवा जिला महामंत्री दीपक साहू लोहरसी निवासी को युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग और उनके इष्ट मित्र गण ने बधाई व्यक्त किया है। युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनने पर दीपक साहू ने कहा कि मैं पूरी निष्ठा और कर्तव्य से समाज के हित में निरंतर कार्य करता रहूंगा और हमेशा न्याय के पक्ष में अपनी बातों को रखूंगा। भक्ति माता कर्मा और राजिम माता आशीर्वाद और कृपा से समाज को एकजुट और मजबूत बनाकर आगे बढ़ाने की कोशिश करूंगा मैं सभी बधाई देने वाले सामाजिक और अन्य समाज के लोगों को धन्यवाद व्यापित करता हूं।



### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर धारदार हथियार से हमला व मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खैरा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर कुछ लोगों ने मारपीट कर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला किए जाने का मामला सामने आया है। सिटी कोतवाली महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस को प्रार्थी वेद प्रकाश चंद्राकर ने बताया कि उसकी बुआ के लड़के टिकेश्वर चंद्राकर ने नशे की हालत में गाली गलौज कर रहे फागूलाल विश्वकर्मा, होरी विश्वकर्मा और लोकेश्वर विश्वकर्मा को मना किया। जिस पर सभी ने एक राय होकर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर मारपीट करते हुए टिकेश्वर के पेट एवं सिर में लगातार चोट पहुंचाई। आरोपियों ने बीच बचाव करने आए प्रार्थी, केशव चंद्राकर के साथ भी मारपीट की। जिसमें केशव चंद्राकर को चोटें आई।

**समस्या :** खेतों में धान और मक्का की फसल को वन्य प्राणी भालू, बंदर, जंगली सुअर, नीलगाय पहुंचा रहे जमकर नुकसान

# बारिश से सैकड़ों एकड़ मक्का की फसल बर्बाद किसान खेतों में मचान बनाकर सुरक्षा करने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के किसान इस वर्ष दोहरी मार झेल रहे हैं। एक ओर हजारों हेक्टेयर में लगी मक्का की पकी हुई फसल को वन्यप्राणी (भालू, जंगली सुअर, बंदर, नीलगाय) भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर धान की तैयार फसलें कीटों और बीमारियों के प्रकोप से तबाह हो रही हैं। मैनपुर क्षेत्र में लगभग 11 हजार हेक्टेयर में मक्का की फसल कटाई के लिए तैयार है, लेकिन वनांचल से लगे ग्रामों के खेतों में वन्यप्राणियों के दल लगातार घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। किसान रूपसिंह मरकाम, अर्जून नायक, मिथलेश ठाकुर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि फसलों को बचाने के लिए वे खेतों में दस फीट से ऊंचे मचान बनाकर, रात-रात भर जागने को मजबूर हैं। वे वन्यप्राणियों को भगाने के लिए बाजा बजा रहे हैं, थाली पीट रहे हैं, मशाल जला रहे हैं और यहाँ तक कि पटाखे भी फोड़ रहे हैं, लेकिन वन्यप्राणी फिर भी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान बंदरों द्वारा पहुंचाया जा रहा है, जो मक्के के फलों को तोड़कर तहस-नहस कर रहे हैं। किसानों ने लगातार वन विभाग को फसल क्षति की जानकारी दी है।





**बचाव के लिए सलाह दी जा रही है**

वरिष्ठ कृषि अधिकारी अभिनव सूर्यवंशी ने इस संबंध में बताया कि, क्षेत्र में धान की फसल में तना छेदक, माहू, लाई फुटा और हल्दिया रोग (फफूंद) का प्रकोप है। कृषि विभाग का अमला लगातार किसानों को इन बीमारियों से बचाव के लिए उचित सलाह दे रहा है।

**हाथियों के नुकसान का मुआवजा अब तक नहीं-** छिन्दौला, दबनई, फरसरा, लुठापारा, धोपीपारा, सिंहार क्षेत्र के किसानों ने बताया कि उनके क्षेत्र में 400 से ज्यादा एकड़ धान और मक्के की फसल को हाथियों ने भारी नुकसान पहुंचाया था, जिसका मुआवजा आज तक किसानों को नहीं मिल पाया है। इस मुद्दे को लेकर किसानों द्वारा पूर्व में आंदोलन भी किया जा चुका है।

**धान की फसल में कटवा और माहू का प्रकोप-** मैनपुर क्षेत्र के किसानों की खरीफ धान की तैयार फसलों पर भी संकट के बादल छाए हुए हैं। तना छेदक, माहू (भूरा माहो) और कटवा जैसे कीटों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। किसान खेलन दिवान, आदेश पटेल, नोकेलाल ध्रुव और हरचंद नेताम ने बताया कि इस बार धान की फसल में एक नई तरह की बीमारी भी देखने को मिल रही है, जिसके कारण पकी हुई बालियां रातों-रात बदर (खराब) जा रही हैं। किसानों का कहना है कि लगातार मौसम के उतार-चढ़ाव और बदली के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। किसान महंगे से महंगे कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन दवाओं का अपेक्षित असर नहीं हो रहा है। इसके अलावा, खेतों के आस-पास चूहों का आतंक भी बढ़ा है, जो पक चुकी धान की बालियों को कुतरकर नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## भाई दूज पर भाइयों की दीर्घायु के लिए बहनों ने लगाया तिलक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई दूज का पर्व परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। परंपरा के अनुसार, बहनों ने भाइयों को रक्षा सूत्र (राखी) बांधा और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। वहीं भाइयों ने भी अपने बहनों को उपहार और आशीर्वाद देकर इस भाई-बहन के स्नेह से जुड़े पर्व को यादगार बनाया। नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामों जैसे मोंगरा, नवापारा, छिंदपारा, और करहीपानी आदि में भी दिनभर भाई दूज का उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही घरों में पूजा-अर्चना की तैयारियाँ शुरू हो गईं, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्सव में भाग लिया। घरों में मिठाइयों की सुगंध और हंसी-खुशी का माहौल छाया रहा। भाई दूज का यह पर्व दीपावली पर्व की श्रृंखला का अंतिम दिन माना जाता है, जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत बनाता है। बहनों ने भाइयों की कुशलता, समृद्धि और लंबी आयु की कामना की तो वहीं भाइयों ने भी बहनों के सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लिया।

इस प्रकार छुरा नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और अपनत्व से सराबोर भाई दूज का त्योहार पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## सोरिद खुर्द में मना मातर महोत्सव सांस्कृतिक एकता का दिया संदेश

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम सोरिद खुर्द में इस वर्ष मातर महोत्सव का आयोजन पारंपरिक धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह महोत्सव गांव के लोगों को एक साथ लाया और भाईचारा व एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता राजू साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामवासियों के साथ मिलकर गौ माता और मातर की विधिवत पूजा-अर्चना की। महोत्सव के दौरान राउत समाज के युवाओं ने अपने पारंपरिक राउत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने पूरे कार्यक्रम को उत्साह से भर दिया। यादव बंधुओं ने भी इस सांस्कृतिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नर्तकों के साथ तालियाँ बजाकर माहौल को जोशपूर्ण बना दिया। युवा नेता राजू साहू ने भी इन पारंपरिक नृत्यों में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजू साहू ने कहा कि, मातर महोत्सव हमारे समाज की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी युवाओं से आग्रह किया कि वे इस प्रकार के आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखें। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। महोत्सव के अंत में सामूहिक प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। सोरिद खुर्द में मातर महोत्सव एक बार फिर गाँव के लोगों को एकजुट करने में सफल रहा।



## पर्व प्रकृति की महत्ता और एकता का संदेश देता है : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्री साहड़ा देव मंदिर परिसर में यादव समाज द्वारा आयोजित गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू और पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी, पार्षद नम्मू नारायण, सहदेव कंसारी, निर्मला-धीरज साहू, पूजा कंसारी, जीना निषाद, भाजपा नेता परदेसीराम साहू, सांसद प्रतिनिधि नवल साहू, सौरभ सिंटु जैन, श्याम यादव, उमेश यादव, आनंद यादव, रामा यादव, निर्माण यादव, लक्ष्मीनारायण यादव और बालकिशन यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू ने उपस्थित जनसमूह को गोवर्धन पूजा की बधाई देते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा का यह पावन पर्व हमें प्रकृति की महत्ता और भगवान श्रीकृष्ण की लीला का स्मरण कराता है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर गोकुलवासियों की रक्षा की थी। उन्होंने आगे कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति की रक्षा और उसके महत्व को समझने का संदेश देती है। यह पर्व हमें सामूहिकता और एकता का महत्व सिखाता है, जैसे गोकुलवासियों ने मिलकर भगवान श्रीकृष्ण का साथ दिया था। श्री साहू ने इस पर्व को जीवन में कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने का अवसर भी बताया। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा और उमेश यादव ने भी संबोधित किया। इस दौरान यादव समाज ने गमछा भेंटकर अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रामा यादव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन निर्माण यादव ने किया।

**धूमधाम से हुआ गौरा-गौरी का विसर्जन**

## सोटा लगवाना हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

दीपावली पर्व के दौरान शहर के कई प्रमुख गौरा चौरा में बाजे-गाजे के साथ गौरा-गौरी की स्थापना कर रात भर पूजा आरती की और सुबह शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया गया। विसर्जन में महिलाएं गौरा-गौरी की मूर्ति, कलश के साथ निकले। कई जगहो पे युवाओ ने अपने हाथों में सोटा लगवाया। सोटा लगवाने वालो में नगर के भाजपा नेता किशोर देवांगन भी शामिल थे। श्री देवांगन गोवर्धन पूजा के दौरान शहर के गौशाला के अलावा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के गौशालाओं में जाकर वहां गौमाताओं को अपने घर में बनी खिचड़ी खिलाई तथा गौमाता की पूजा कर मानव कल्याण की कामना किया। श्री देवांगन ने कहा कि हिंदुओं के सबसे बड़े 5 दिवसीय दीपावली त्यौहार का लोगों में खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के जीएसटी 2.0 के कारण देशवासियों को दीपावली पूर्व बोनस दे दिया गया था। इस कारण इस साल की दीपावली, खुशियों भरा दीपावली रहा। कहा कि मां लक्ष्मी पूजा और गोवर्धन पूजा की दरमियानी रात हमारे आदिवासी समाज द्वारा भगवान शंकर व माता पार्वती का गौरी-गौरा रूप में विवाह संपन्न कराकर इस सुखद अवसर की अनुभूति की जाती है, जिसमें छत्तीसगढ़ के अन्य समाज के लोग भी शामिल होकर खुद को धन्य बनाते हैं। इस प्रसंग में खुद को शामिल करने के साथ-साथ गौमाताओं को खिचड़ी खिलाकर भगवान से जनकल्याण की कामना करना, हृदय को सुकून देने वाला रहा क्योंकि सनातन धर्म की शिक्षा यही है कि जनकल्याण की कामना करने से बड़ा कोई सुकून नहीं होता और इससे स्वयं का भी कल्याण होता है। भगवान से विनती है कि इस धरती में मौजूद मानव समाज के अलावा हर जीव-जंतु का कल्याण हो और विश्व में शांति बनी रहे। ईधर हरेक गांव में मवेशी पालकों ने गायों को सोहाई बांधकर खिचड़ी खिलाई। शाम को साहड़ा चौक पर ग्रामीणों की भारी भीड़ के साथ सामुहिक गोवर्धन पूजा कर एक दूसरे के मस्तक पर गोबर का टीका लगाकर पर्व की बधाई दी।



## दो दिन से लापता युवक का शव कुएं में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के वार्ड नंबर 12, विनायक नगर में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब दो दिन से लापता एक युवक का शव बुधवार, 23 अक्टूबर को एक कुएं में तैरता हुआ मिला। मृतक के शरीर से कपड़े बाहर थे। दीपावली जैसे बड़े त्योहार के समय हुई इस घटना ने जहां परिजनों को गहरा दुख पहुंचाया है, वहीं पूरे वार्ड में शोक की लहर व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड 12 निवासी हरीश मांडले बीते लगभग दो दिनों से अपने घर से लापता थे, जिसकी तलाश परिजन लगातार कर रहे थे। 23 अक्टूबर को उनका शव कुएं में तैरता हुआ मिला। परिजनों द्वारा खबर दिए जाने पर फिंगेश्वर पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच एवं विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा।



## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल को किया नमन



**रायपुर।** नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह को नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आमापारा के बुनकर सोसायटी भवन स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में निगम के संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह के देशप्रेम और उनके त्याग की भावना की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पांजलि दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि शहर के अलग-अलग स्थानों पर स्थापित महापुरूषों के प्रतिमा स्थल की सफाई पर ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में विद्युत और अभियांत्रिकी विभाग अध्यक्ष सुमन-अशोक पाण्डेय, जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह के परिजन, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रोड स्वीपिंग मशीन लगाकर 52 मार्गो की सफाई



**रायपुर।** दीपावली पर्व पर शहर भर में भारी मात्रा में निकलने वाले कचरे को साफ करने महापौर श्रीमती मीनल चौबे,आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर 7 रोड स्वीपिंग मशीन लगाकर 52 विभिन्न मार्गो की रात्रिकालीन सफाई करवाई गई। इस दौरान मुख्य मार्गो से पटाखों का कचरा सहित अन्य सामग्री और रैपर सफाई के दौरान साफ कराया गया।
मेकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन का उपयोग सिविल लाईन, पंचशील नगर सहित लगभग अन्य मार्गो में 20 और 21 अक्टूबर की रात्रि को रात्रिकालीन सफाई अभियान के तहत किया गया। राजधानी के 2 लेन, 4 लेन और 6 लेन मार्ग से धूल की सफाई और सड़क तथा डिवाइडर की धुलाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है।

### विधि-विधान से गो माता की पूजा-अर्चना



**रायपुर।** बूढ़ेश्वर चौक रायुपर स्थित श्री संकट मोचन की हनुमान मंदिर गौशाला में अन्नकूट के पावन अवसर पर गोवर्धन पूजा मंत्र उच्चारण विधि विधान से गौ माता का पूजा-अर्चना की गई। सबसे पहले गौ माता का स्नान किया गया और प्रसादी के रूप में खिचड़ी खिलाया गया। साथ ही संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रसादी वितरण भी किया गया, जिसमें सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी का दर्शन का लाभ लिया। संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर के वर्तमान महंत राजेश शर्मा ने सभी भक्तों को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ सुख शांति समृद्धि के लिए विशेष पूजा अर्चना की गई।

# 25 को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा चार दिवसीय छठ महापर्व, छठी मइया की स्तुति में गूंजेंगे लोकगीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वच्छता का प्रतीक और लोक आस्था से जुड़े चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय साथ होगी। इस महापर्व को भव्य रूप से मनाने छठ महापर्व आयोजन समिति तैयारियों में जुट गई है। महादेवघाट पर 27 अक्टूबर की संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुंबई से जानी-मानी अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका स्वाति मिश्रा छठी मइया की महिमा का गुनगान करने मंच पर होंगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शहर में 50 से अधिक स्थानों पर छठ महापर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसमें खारुन नदी के महादेवघाट, बूढ़ातालाब, बिरगांव के व्यास तालाब सहित राजधानी के अन्य तालाबों के घाटों पर छठी मइया की पूजा अर्चना की जाएगी। इस मौके पर घाटों की सफाई और रंगरोगन कर तालाब किनारे वेदी सजाकर पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना की जाएगी।

छठ महापर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने चर्चा में बताया कि छठ पर्व एक ऐसा पर्व है, जिसमें डूबते हुए सूर्य और उगते हुए सूर्य की पूजा की जाती है। सूर्य उपासना के इस लोक महापर्व में पवित्र स्नान, उपवास और लंबे समय तक पानी में खड़ा होना, सूर्य देवता को अर्ध्य देना शामिल है।

**सवा लाख दीपों से जगमग होगा महादेवघाट, गंगा महाआरती 27 को, छठ महापर्व आयोजन समिति तैयारी में जुटी**



### सवा लाख दीपों से जगमगएगी खारुन, गंगा आरती

खारुन नदी के महादेवघाट पर27 अक्टूबर की शाम सवा लाख दीपों से गंगा आरती की जाएगी। बनारस की तर्ज पर होने वाली गंगा महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसी दिन लोकधारा के मशहूर कलाकार तिलक राजा साहू और केशरी साहू की टोली छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति देने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेगी। इसके अलावा इलाहाबाद से आमंत्रित सोनाली ओर तरूण चोपड़ा की टीम आकर्षक झांकी के बीच सुंदर नृत्य नाटिका पेश करेगी। पत्रकारों से चर्चा में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आयोजन समिति, जिला प्रशासन और रायपुर नगर निगम के सहयोग से खारुन नदी के महादेवघाट सहित सभी घाटों की सफाई कराई जा रही है। इसी तरह नवा रायपुर अटल नगर में झांझ तालाब के किनारे छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के उप प्रमुख कन्हैया सिंह, संतोष सिंह, प्रचार-प्रसार सचिव ब्रजेश सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, सत्येंद्र सिंह गौतम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चैंबर सभागार में दीपावली मिलन समारोह

# जीवन और व्यापार में सकारात्मक ऊर्जा के साथ करें चुनौती का सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से राबांबे मार्केट स्थित चैबर भवन सभागार में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, हमें अपने जीवन और व्यापार में आने वाली हर चुनौती का सामना सकारात्मक ऊर्जा के साथ करना चाहिए। दीपावली पर्व की बधाई देते हुए उन्होंने कार्यक्रम में शामिल व्यापारी बंधुओं से प्रदेश की उन्नति में एकजुट होकर योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में विधायक मोतीलाल साहू, उत्तर विधायकपुरंदर मिश्रा ने व्यापार जगत की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारिगण प्रदेश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। दीपावली का यह पर्व हमें एकजुटता और सौहार्द का संदेश देता है। चैंबर मिलन समारोह इसी भावना को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है। समारोह के दौरान विकसित व्यापार का आधार चैंबर परिवार के नारे गूंजे । कार्यक्रम में शामिल चैंबर के पदाधिकारियों और व्यवसायिओं ने संयुक्त रूप से दीप जलाए,एक दूसरे को गले लगकर दीपावली की बधाई दी।



दीपावली मिलन समारोह में चैंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, अमर गिदवानी, चतुर्भुज अग्रवाल, यू.एन. अग्रवाल, लालचंद गुलवानी,जगदीश अग्रवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल,पूर्व संरक्षक आसुदाराम वाधवानी, पूरनलाल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सलाहकार तिलोकचंद बरडिया, लखमशी पटेल, अरविंद जैन, किशोर आहूजा, सुशील अग्रवाल, मोहन लाल तेजवानी, अशोक मलानी, चंदर विधानी, अमरजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र बरलोटा, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, ललित जैसिंघ, विनय बजाज, विक्रम सिंहदेव, जसप्रीत सलूजा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र दोशी, राम मंधान, हरख मालू, संजय क्रानूँगा कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, विकास आहूजा, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन, निलेश मूंदड़ा, टी.श्रीनिवास रेड्डी, ट्रांसपोर्ट चैंबर अध्यक्ष हरचरण सिंह साहनी, महिला चेंबर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता, महामंत्री मनीषा तारवानी, कोषाध्यक्ष नम्रता श्रीकांत अग्रवाल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### कैट के दीपावली मिलन में स्वदेशी संकल्प पर जोर

कैट का दीपावली मिलन समारोह पंडरी स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुआ।



इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि ,व्यापारी,उद्योगपति, समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने और स्वेदशी संकल्प के साथ दीप प्रज्वलित कर दीपावली पर्व की बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव,प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि कैट का उद्देश्य हर व्यापारी तक स्वदेशी का संदेश पहुंचाना और भारतीय व्यापार को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ कैट के संरक्षक आसुदामल वाधवानी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, रामजी भाई पटेल, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, तथा गणमान्य नागरिक एवं व्यापारी नेता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बस्तर ओलिंपिक 2025 : मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में खेलों के माध्यम से शांति और समरसता का संदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग में युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और प्रतिभा को निखारने के उद्देश से 'बस्तर ओलंपिक 2025' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में गृह (पुलिस) विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाला यह आयोजन प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में बस्तर की नई पहचान बनेगा। बस्तर ओलंपिक 2025 के प्रति लोगों में उत्साह का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि अब तक बस्तर संभाग के 7 जिलों से 3 लाख 91 हजार 289 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। इनमें 1 लाख 63 हजार 668 पुरुष और 2 लाख 27 हजार 621 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। यह संख्या न केवल बस्तर के युवाओं का खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि बस्तर की धरती पर अब खेल एक नई सामाजिक चेतना और समान भागीदारी का प्रतीक बन चुके हैं । प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, कराते, वेटलिफ्टिंग और हॉकी जैसे खेल शामिल हैं। इसमें न केवल आधुनिक खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा, बल्कि स्थानीय परंपरा से जुड़े खिलाड़ियों को भी मंच मिलेगा।

- बस्तर संभाग के 7 जिलों से 3 लाख 91 हजार 289 खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन

### विसखंड स्तर पर प्रतियोगिता 25 से

प्रतियोगिताएं तीन स्तरों-विकासखण्ड, जिला और संभाग स्तर-पर आयोजित हो रही हैं। विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता 25 अक्टूबर से, जिला स्तर पर 5 नवंबर से और संभाग स्तर पर 24 नवंबर से आयोजित की जाएगी। विजेताओं को जिला और संभाग स्तर पर नगद पुरस्कार, मेडल, ट्रॉफी और शील्ड प्रदान की जाएगी। नगद राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से खिलाड़ियों के बैंक खाते में जमा की जाएगी। संभागीय स्तर के विजेता खिलाड़ियों को "बस्तर यूथ आइकॉन" के रूप में प्रचारित किया जाएगा। यह 'स्पोर्ट्स फॉर पीस' मॉडल बस्तर में नई सामाजिक चेतना का प्रतीक बनेगा।

## एनएचएम कर्मियों की फीकी दिवाली, न वेतन मिला, न 25 कर्मी की बहाली हुई, एडवांस भी रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के 16 हजार संविदा कर्मचारियों की इस बार दिवाली फीकी रही। न तो उन्हें हड़ताल अवधि का वेतन मिला और न ही 5 फीसदी स्वीकृत वेतन वृद्धि दी गई। इतना ही नहीं, उनका अग्रिम भुगतान भी रुका हुआ है। विभागीय मंत्री के आश्वासन के बाद भी 25 बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली नहीं होने से एनएचएम कर्मचारियों में आक्रोश की स्थिति है।

- मंत्रियों के आश्वासन के बाद भी 25 कर्मचारियों की बहाली नहीं होने से नाराजगी

दरअसल, अपनी लंबित मांगों को लेकर हक की आवाज बुलंद करने वाले छत्तीसगढ़ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की दिवाली मायूसी के बीच गुजरी। हाल ही में इन कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन किया। उनकी प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति सहित अन्य मांगें शामिल रहीं। हड़ताली कर्मचारियों ने जेल भरो आंदोलन, जल सत्याग्रह, चुनरी यात्रा कर अपनी मांगों को पूरी करवाने शासन का ध्यान आकर्षित कराया। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी का कहना है, स्वास्थ्य मंत्री ओर मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद आंदोलन को स्थगित किया था। चर्चा में 25 पदाधिकारियों की बहाली का आश्वासन दिया गया, वह आज तक पूरा नहीं हुआ है। सरकार इस पर तत्काल हस्तक्षेप कर बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली करे, इसी तरह 5 फीसदी स्वीकृत वेतन वृद्धि का लाभ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिया जाना चाहिए। इसके अलावा दीपावली पर मिलने वाले अग्रिम वेतन का जल्द भुगतान किया जाए।



## कलेक्टर ने की मोदी कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नया रायपुर में 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बुधवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने बैठक बुलाई थी। रेडक्रॉस सभाकक्ष में हुई बैठक में कलेक्टर ने कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां समयबद्ध और सुचारू रूप से पूर्ण हो सकें। इस अवसर पर एसएसपी लाल उम्मेद सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर नम्रता जैन (आईएएस) तथा जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित प्रशासन, पुलिस एवं जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि नया रायपुर में राज्य के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले राज्योत्सव में शिरकत करने प्रधानमंत्री 31 अक्टूबर को रायपुर प्रवास पर आ रहे हैं। उनके आगमन को देखते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को प्रधानमंत्री के स्वागत, प्रस्थान से लेकर राज्योत्सव में लगने वाले विभागों की प्रदर्शनी सहित अन्य तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के तहत अधिकारियों द्वारा तैयारियां कराई जा रही है।

## पार्षद के निर्माणाधीन मकान पर चोरों का धावा, डीवीआर सहित केबल काटकर ले गए

**देवपुरी के बाबा गेलाराम नगर की घटना**





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पार्षद अमर गिधवानी के निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपए कीमती केबल और डीवीआर समेटकर ले गए। बुधवार को मकान की पूजा करने पहुंचे परिवार को इसकी जानकारी हुई। पार्षद ने इसकी शिकायत टिकरापारा थाने में दर्ज कराई है।

गिदवानी ने बताया कि देवपुरी के बाबा गेलाराम नगर में उनके मकान का निर्माण हो रहा है। वहां चौकीदार भी तैनात किया गया है जो दिवाली की छुट्टी मनाने गया हुआ है। बुधवार को उनका परिवार वहा पूजा करने गया था तो पता चला कि मकान के बाहर का दरवाजे में लगा ताला टूटा पड़ा है। भीतर पहुंचने पर सब दंग रह गए, क्योंकि मकान के भीतर बनाए गए स्टोर में रखे केबल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। इतना ही नहीं वे निर्माणाधीन मकान में लगाए जा रहे कैमरे फिट किए गए केबल को भी उखाड़कर ले गए। पार्षद ने इस घटना की जानकारी टिकरपारा थाने में दी है। उन्होंने संदेह जताया है कि मोहल्ले के आसपास रहने वाले असमाजिक तत्वों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने आशंका जताई कि निर्माणाधीन मकान में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए असमाजिक तत्वों का गिरोह सक्रिय है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी है। पार्षद की सूचना पर टिकरापारा थाने की पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आसपास के संदिग्ध लोगों से इसकी पूछताछ कर रही है।

**मंत्रालय में अधिकारी के बेटे ने सिपाही को कुचलने की कोशिश की**

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन दिन के भीतर सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा वाहन जांच के दौरान मंत्रालय में अधिकारी के एक बेटा ने एक सिपाही को कार से कुचलने की कोशिश की है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व कलेक्टोरेट चौक के सामने एक तेज रफ्तार बस से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई।

आरंग थाना क्षेत्र में बनारसी मोड़ के मार दो बाइक की आमने-सामने टक्कर से एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार डागेश्वर अपने बेटे तथा बेटी के साथ बनारसी जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक के चालक ने डागेश्वर की बाइक को सामने से ठोकर मार दी। बाइक की ठोकर लगने से डागेश्वर के बेटा जय के सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। एक्सीडेंट में जय की बहन को भी चोटें आई हैं।



### नवा रायपुर में हादसा, एक की मौत

रविवार को नवा रायपुर के सेक्टर-23 मेन रोड में कार तथा बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। घटना दिनांक को तुषार अग्रवाल अपनी बाइक से जा रहा था। इस दौरान मेन रोड में तेज रफ्तार कार सीजी 05 एएम 7434 के चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए तुषार की बाइक को सामने से ठोकर मार दी। सिर तथा शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोट लगने से तुषार की मौत हो गई।

### शहर के हृदय स्थल पर हादसा

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में कलेक्टोरेट चौक के सामने सोमवार तड़के एक बस के चालक ने नो एंट्री में लापरवाही पूर्वक बस चलाते हुए पैदल जा रहे सेंट पॉल चर्च के केयर टेकर को कुचल दिया। बस से कुचल जाने की वजह से केयर टेकर प्रवीण मसीह की मौके पर ही मौत हो गई। एक्सीडेंट की घटना के बाद मौके पर 108 की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंचने से निगम की गाड़ी में लाश को मरचुरी भेजना पड़ा। एक अन्य घटना में कबीर नगर थाना क्षेत्र के टाटीबंध बाई पास के पास पिकअप सीजी 04 ओडी 7288 के चालक ने बाइक चालक टोमेश्वर निर्मलकर को अपनी चपेट में ले लिया। पिकअप की चपेट में आने से टोमेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई।

### अधिकारी के शराबी बेटे ने सिपाही को कुचलने की कोशिश की

मंगलवार को पंडरी में साइंस सेंटर के सामने वाहन जांच के दौरान मंत्रालय में अधिकारी के एक शराबी बेटा ने एक पुलिसकर्मी को कार से कुचलने की कोशिश की। घटना दिनांक को सवा आठ बजे पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान कार डब्लूबी 02 एई 7720 को पुलिस ने रोका। कार के ग्लास में ब्लैक फिल्म लगे होने पर पुलिस ने फाइन करने के साथ ही फिल्म उतारने कार का दरवाजा खोला। दरवाजा खोलने सिपाही बृंदावन बिहारी लाल जगत गया। सिपाही दरवाजा खोलता इसके पहले कार चालक ने सिपाही को कुचलने की कोशिश करते हुए मौके से फरार हो गया। कार को पुलिस ने जब रोका तो कार चालक से पुलिस ने नाम पूछा, तो उसने अपना नाम केतन तिवारी बताया है। घटना के बाद केतन अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गया है।

## धूमधाम से मनाया गया भाई दूज





**कोपरा।** क्षेत्र में गुरुवार को भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक पर्व भाई दूज (यम-द्वितीया) पारंपरिक धूमधाम के साथ मनाया गया। यह पर्व लोहरसी और सिर्रीखुर्द सहित पूरे अंचल के भाई-बहनों में अटूट प्रेम और अपनत्व का प्रदर्शन करते हुए संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर, बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर श्रद्धापूर्वक तिलक लगाया, उनकी आरती उतारी और उनकी लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार भेंट किए और उनकी हर संभव रक्षा करने का वचन दिया। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत बनाने वाला यह त्योहार पूरे कोपरा क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## खबर संक्षेप

### कठौली में लहर गंगा का होगा भव्य आयोजन

**सिर्री।** छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से अनुराग साहित्य एवं कला संस्था ग्राम कठौली के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कला साधक श्री पुराणिक साहू कृत लहर गंगा लोक सांस्कृतिक संस्था की प्रस्तुति होगी। यह आयोजन दीपावली उत्सव के उपलक्ष्य में 24 अक्टूबर 2025, शुक्रवार को बाजार चौक कठौली में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण सिंह साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता डॉ. खेमराज साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कठौली करेंगे। साथ ही अंचल के जनप्रतिनिधि, कला एवं साहित्य के हस्तियों की उपस्थिति इस सांस्कृतिक पर्व को और भी प्रेरणादायी बनाएगी। आयोजन समिति के प्रमुख प्रशांत सोनवानी अध्यक्ष अनुराग कला एवं साहित्य संस्था ग्राम कठौली ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम की शुरुआत सायं 5 बजे से होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के नामचीन कला एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा सुवा नृत्य, रावत नाचा जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की प्रस्तुतियाँ होंगी। तत्पश्चात रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक लोक कला संस्था "लहर गंगा" का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सदस्य राजकुमार निषाद, रामकुमार साहू, अर्जुन मानिकपुरी, जितेन्द्र साहू, परमेश्वर निषाद, विरेन्द्र नगारची, टिकेश्वर विश्वाकर्मा, रेखा निषाद, जागृति साहू आदि जुटे हुए हैं।

### लाफिनकला में छह वर्षो से मनाई जा रही सामूहिक दीपावली

**महासमुंद।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेजने प्रख्यात ग्राम लाफिनकला में सामूहिक दीपावली का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों द्वारा बच्चों व महिलाओं की सुआ नृत्य प्रतियोगिता रखा गया। प्रतियोगिता में प्रथम दीक्षा साहू की टीम, द्वितीय अंशु साहू की टीम तथा मीनाक्षी साहू की टीम तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर केतन साहू, हेमूराम साहू,तोष साहू, नाथू साहू, महेंद्र पटेल ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का शिक्षक गोवर्धन साहू ने किया। इस बीच आतिशबाजी भी होती रही। कार्यक्रम के आयोजन-संयोजन में विशेष योगदान रामकुमार साहू, तोषकुमार साहू, महेंद्र कुमार पटेल, गोवर्धन साहू, कमलेश साहू, रामजी साहू, हरिराम साहू, नेतन पटेल, भूषण निषाद, भेखलाल साहू, राधेश्याम साहू, दरबारी निषाद, नंदकुमार पटेल,जगेश्वर साहू, कुश कुमार पटेल, अशोक साहू का रहा।

### दीपावली मिलन समारोह एवं गोवर्धन पूजा का हुआ आयोजन

**नगरी।** ग्राम बेलरगांव में ग्राम विकास समिति के तत्वाधान में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चुन्नूलाल साहू सोनबाकला परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से निरंतर 20 वर्ष तक दो महिला पुरुष बुजुर्गों का सम्मान और रंगोली व घर में आम पत्तों और केला पत्ता सजावट ,गौरी गौरा सजावट, सबसे ज्यादा मिट्टी का दीया जलाने वाला एवं गांव में सबसे पहले दीया जलाना एवं अन्य सजावट किया जाता है जिसमें सभी को श्रीफल एवं अंशदान पुरस्कार किया गया। सभी मोहल्ला से आए हुए ग्रामवासी प्रबुद्धजन लोग ने भाईचारे के साथ एक दूसरे को तिलक बंधन एवं गले मिलकर बधाई दी। सभी ने अपने उद्बोधन में भगवान श्री कृष्ण की कथा बताई। इस कथा से हमें यह सीख मिलती है कि सभी एक साथ मिलकर कोई भी पर्व मनाया तो उत्साह बहुत अच्छा रहता है। मौके पर लीलाम्बर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं विकास समिति, चुन्नू लाल साहू, अमरसिंह पटेल ग्राम पटेल उमेद मरकाम पूर्व सरपंच, कैलाश नाथ प्रजापति, हुमित लिमजा, सुरेश देवांगन, उमेश साहू, आत्माराम लिमजा, ओमप्रकाश देवांगन, बलिराम देवांगन, सुकदेव साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपोत्सव, सुआ नृत्य व आतिशबाजी से जगमगाया अंचल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर**

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र में दिपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया गया, कार्तिक अमावस्या को मनाये जाने वाले वर्ष के सबसे बड़े उत्सव के रूप में पारंपरिक उत्सव दीपोत्सव को लेकर आनंद भरा महौल देखने को मिला, शाम से ही सभी प्रतिष्ठानों व घरों में लोग धन वैभव व ऐश्वर्य की देवी माता लक्ष्मी, मां सरस्वी एवं भगवान गणेश जी की बड़े ही उल्लास के साथ विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नजर आए, सुबह से ही नन्ही बालिकाओं द्वारा सुआ नृत्य व यदुवंशों द्वारा गौवंशों की सोहाई बांधकर नाचते गाते गली भ्रमण किया। वहीं सबसे बड़े त्योहार दिपावली पर्व को बच्चों युवक-युवतियों सहित सभी वर्ग के लोगों में अलग व खासा उत्साह देखने को मिला, दिपावली के अवसर पर लोगों नें अपने घरों में विशेष सजावट रंग बिरंगी झालरों, लाइटों व तोरण के माध्यम से किया तथा संध्याकाल में घरों के बाहर मिट्टी के दिए जलाकर माता लक्ष्मी का आव्हान किया, दिपावली पर्व मे नगर सहित अंचल जगमग दीयों की रोशनी से आकर्षित व जगमगाता नजर आने लगा। वहीं व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बही खातों का विशेष पूजा अर्चना किया गया। प्रत्येक घरों में दीयों के रोशनी के बीच माता लक्ष्मी की शुभ मुहुर्त पर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात मिठाई व प्रसाद बांटकर दिपावली की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना के बाद लोगों ने पटाखे फोड़कर, जमकर आतिशबाजी की। रंग -बिरंगे फटाखों से आसमान में नीली रोशनी से सराबोर नजर आने लगी।

**पूजा अर्चना के बाद लोगों ने पटाखे फोड़कर, जमकर की आतिशबाजी**





**पर्व : कलश सजाव प्रतियोगिता में 10 युवतियां पुरस्कृत**

# परतेवा में धूमधाम से मनाया गया दीपावली, गोवर्धन पूजा




**हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर**

नगर के ग्राम परतेवा में इस वर्ष दीपावली पर्व और गोवर्धन पूजा का उत्सव जय माँ लक्ष्मी सेवा समिति और समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में अत्यंत धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया गया। पर्व के दौरान, साहू सामुदायिक भवन के पास रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माँ शारदा बेटियां सुवा नृत्य तामाशिवनी की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य थीम इशर राजा गौरी गौरा और छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य सुआ रहा, जिसने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक कला को मंच पर जीवंत कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुति देख दर्शक भाव-विभोर रहे और लोक कला ने सभी का मन मोह लिया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक पर्व में रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस पावन पर्व पर एक विशेष कलश सजावटी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें लगभग 300 युवतियों ने भाग लिया और एक से बढ़कर एक आकर्षक कलश बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इनमें से आरती यादव, पार्वती साहू, योगेश्वरी साहू, रुचिका ध्रुव, डिगेश्वरी साहू, आकांछा साहू, युगान्छी वर्मा, साधना यादव, भारती साहू और उमा वर्मा को प्रथम 10 उत्कृष्ट कलश सजावटी युवतियों के रूप में पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार स्वर्गीय शामबती वर्मा की स्मृति में उनके नाती हेमंत वर्मा (भाजपा मंडल कोपरा के महामंत्री) और गैदलाल वर्मा की ओर से ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के कर-कमलों द्वारा प्रदान किए गए। हेमंत वर्मा ने घोषणा की कि गांव की युवतियों की प्रतिभा को निखारने और छत्तीसगढ़ी परंपरा को दृश्य रूप में उकेरने के उद्देश्य से अब यह कलश सजावटी प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्कृष्ट 20 युवतियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन और सम्मान से युवतियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### पारिवारिक स्वरूप और गणमान्य उपस्थिति

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ और यह पूरी तरह से पारिवारिक स्वरूप पर आधारित रहा। आयोजक सदस्यों ने सभी कलाकारों का तिलक-चंदन लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन अतिथियों के रूप में सम्मिलित हुए और हजारों की संख्या में दर्शक, बच्चे, युवा और वृद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कार्तिक साहू, इन्दलू साहू, नारद साहू, सुदामा राम वर्मा, जेठूराम साहू, सतू साहू, पुरण वर्मा, रामदयाल साहू, पिलुराम वर्मा, उत्तम ध्रुव, डॉ. तोरण सेन, तुलस राम साहू, रूपेश साहू, हीरालाल साहू, डॉ. नरोत्तम साहू, कोमल वर्मा, परषोत्तम वर्मा, हेमंत वर्मा और ग्राम के अन्य वरिष्ठ नागरिक, मातृशक्ति एवं युवाशक्ति गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजय साहू ने किया, जबकि लाइट, टेंट और माइक की व्यवस्था खेदन साहू ने संभाली।

# नवागांव कंडेल में भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया



- भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को संस्कारों से निभाया गया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

दीपावली के दूसरे दिन ग्राम नवागांव कंडेल में भाई दूज का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे ग्राम में बहनों ने अपने भाइयों की पूजा-अर्चना कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की।

ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मनराखन लाल साहू (ग्राम पटेल) अपने परिवार सहित दीपावली एवं भाई दूज के अवसर पर पैतृक ग्राम नवागांव पहुँचे और पूरे विधि-विधान व संस्कारों के साथ पर्व मनाया। इस अवसर पर भाई जितेंद्र साहू, प्रतीक साहू, कुशाग्र साहू को बहनों हर्षिता, पूर्वा, निधि, रीतिका, कनिष्का और योग्यसा ने गुलाल तिलक लगाकर, श्रीफल अर्पित कर, मिठाई खिलाई और उपहार देकर सम्मान किया। वहीं भाई डॉ. रूपनारायण (राजू) साहू को बहनों अनु कुमारी, मधु साहू, मंजूषा साहू, सवितांजलि और रेखा साहू ने तिलक कर आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार भाई परमेश्वर, कुलेश्वर, गणेश प्रसाद, बलेश और राकेश साहू को बहन प्राची साहू ने पूजा-अर्चना कर गुलाल तिलक लगाया और श्रीफल भेंट कर मिठाई खिलाई।

### पवार परिवार ने सार्थक के बच्चों के साथ मनाई दिवाली

**धमतरी।** दीपावली पर्व पर श्रीमती चमेली पवार पूर्व सरपंच मड़ईभाठा, श्रीमती नीलू पवार पूर्व पार्षद, रितेश पवार, श्रीमती सुनीता पवार, श्रीमती जूही पवार एवं मुरली देवांगन ने सार्थक स्कूल पहुंचकर विशेष बच्चों के साथ दीपावली मनाई। बच्चों को पटाखे, मोमबत्तियां और मिठाई उपहार स्वरूप दी गई। फूलझड़ी, चकरी, अनार जैसे सुरक्षित पटाखे पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। श्रीमती चमेली पवार ने कहा कि इन मासूम चेहरों की मुस्कान ही सच्ची दीवाली की रोशनी है। श्रीमती नीलू पवार ने कहा कि सार्थक के बच्चों की ऊर्जा और आत्मविश्वास देखकर मन प्रसन्न हो गया। ऐसे कार्यों में समाज की भागीदारी आवश्यक है। सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सार्थक स्कूल को संचालित हुए 21 वर्ष हो चुके हैं और यह पहली दीवाली है ।



# अन्नकूट से गौवंश के सरंक्षण एवं संवर्धन की मिलती है शिक्षा : बजाज

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने परिवार के साथ गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट का पर्व मनाया। उन्होंने परंपरा अनुसार गोवर्धन की पूजा अर्चना की तथा गायों को खिचड़ी खिलाकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परंपरा से हमें गौवंश के सरंक्षण एवं संवर्धन की शिक्षा मिलती है। श्री बजाज ने अपने गृह ग्राम के बाजार में बच्चों के लिए स्वदेशी खिलौने भी खरीदे।



# डीजे डांस स्पर्धा में आमानारा ओडिशा ने बाजी मारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला**

- प्रतियोगिता में 29 टीमों ने अपनी कला की प्रस्तुति दी

गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर इस वर्ष भी रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, अध्यक्षता कर रहे सरपंच रूपादेवी ठाकुर, विशेष अतिथि ग्राम पटेल लोकराम यादव, उपसरपंच परमेश्वर यादव, पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, पंच नरेश सोरी, कुबेर बारिक, डोमेश चौहान, संतराम नेताम, भावसिह मरकाम,नरेश्वर यादव सहित ग्राम प्रमुख मंच पर विराजमान थे। मंच पर सभी आमंत्रित अतिथियों का गुलाल से स्वागत साहडा समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा गोवर्धन पूजा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा यह त्योहार हमें प्रकृति और मानव के बीच सामंजस्य का संदेश देता है। गौ माता की सेवा करना हमारा धर्म है और यह कार्यक्रम इसी भावना को मजबूत करता है। अध्यक्षता कर रहे सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने सभी को अन्नकूट की शुभकामनाएं दी। उपसरपंच परमेश्वर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अन्नकूट का अर्थ ' अन्न का मिश्रण जिसमें विभिन्न प्रकार के पकवान शामिल होते हैं। जिन्हें भगवान को भोग के रूप अर्पित किया जाता है। यह त्योहार सामुदायिक,सद्भभाव और सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।




**पर्व से पर्यावरण संरक्षण संदेश मिलता है-** ग्राम पटेल लोकराम यादव ने कहा गौसेवा के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक है। इस पर्व से हमें पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी जीवनशैली के महत्व का संदेश मिलता है। इस कड़ी में पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर ने कहा नागरिकों द्वारा सादगी, श्रद्धा और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं जा रहें त्योहार की सराहना की। इस भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता में कुल 29 टीमों ने भाग लेकर अपनी अपनी कला की प्रस्तुति दी गई। जिसमें सामुहिक डांस ग्रुप में प्रथम स्थान आमानारा उड़ीसा ने 7001 रूपए मुरलीधर, अरविंद अग्रवाल के द्वारा प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार सरपंच रूपादेवी ठाकुर के द्वारा 5001 रुपए सुवा नृत्य लिटीपारा को मिला। तृतीय स्थान टायगर बाक्स डांस ग्रुप बूदेल 3001 रुपए बालाजी ज्वेलर्स एण्ड पनीचर के द्वारा प्रदान किया गया। इसी तरह युगल डांस ग्रुप में प्रथम स्थान जीएमबी भजन जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर के द्वारा 4001 रुपए दिया गया। द्वितीय पुरस्कार राम लक्ष्मण धमतरी को 2001 रूपए इब्राहिम ख़ान के द्वारा प्रदान की गई। तृतीय स्थान पार्वती,प्रिती डांस ग्रुप को 1001 रूपए कार्तिक यादव ने प्रदान किया।

**एकल डांस ग्रुप में कोमल प्रथम-** एकल डांस ग्रुप में प्रथम स्थान पर बाजी मारी गरियाबंद के कोमल ध्रुव को 3001 रूपए उपसरपंच परमेश्वर यादव के द्वारा दिया गया। द्वितीय पुरस्कार तुषार चन्द्राकार खल्लारी को 1500 रूपए कोमर्रा टेन्टहाउस के द्वारा दी गई। तृतीय स्थान सुरेश दीवान रानीपरतेवा 701 रूपए धनेश्वर दास के हाथों प्राप्त किया गया। इस आयोजन में प्रत्येक सुवा नृत्य एवं राऊत नृत्य पर 500 रूपए का सांत्वना पुरस्कार मनोज कोमर्रा तथा पंच पुरोहित यादव के द्वारा 1500 और विजय नेताम के द्वारा 1001 रूपए एवं स्व ठकेश्वर यादव के स्मृति में भी 1001 रूपए सहयोग राशि इन लोगों के द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम को देखने आसपास क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में सुबह होते तक आनंद लिया। इस दौरान वेदव्यास निषाद, रायसिंह ठाकुर, कमलेश्वर नायक, सगुन दास, दयाराम निषाद, तामेश्वर मरकाम, देवलाल यादव, धनेश्वर दास, सहित साहडा समिति के सभी सदस्यगण और ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन दशरथ नेटी और राघवेन्द्र यादव ने की।

# साय सरकार के 2 साल बाद भी मोदी की गारंटी नहीं हुई पूरी : विनोद

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**



पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बने 2 वर्ष होने को है, इन दो वर्षों में सरकार ने ऐसा कोई कार्य नहीं किया, जिससे प्रदेशवासियों के जीवन में बदलाव आए। राज्य सरकार आज हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। कानून-व्यवस्था, गरीब, किसान, दलित और आदिवासी आज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, और इसके लिए सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने घोषणा पत्र में सरकार बनने के तुरंत बाद 57 हजार रिक्त पदों पर तथा 2 साल के भीतर 1 लाख खाली पदों पर भर्ती करने का संकल्प मोदी की गारंटी के तहत लिया था। इसके अलावा दैवेभो कर्मचारी, संविदा कर्मियों को नियमितिकरण के लिए सरकार बनने के 100 दिन के भीतर ही समीक्षात्मक प्रक्रिया आरंभ करने एवं कमेटी बनाने की बात कही थी। इस वादे पर क्रियान्वयन का आज 2 साल बाद भी अता-पता नहीं है। माह अगस्त 2025 से प्रदेश के 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारियों ने नियमितीकरण व वेतन वृद्धि जैसे मांगों को लेकर लगभग डेढ़ माह तक आंदोलन किया। सरकार ने आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराया था, जिसमें शासन द्वारा कहा गया था कि 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि के साथ हड़ताल अवधि का वेतन भी दीपावली पूर्व उन्हें प्रदान किया जाएगा। लेकिन, दीपोत्सव जैसे सबसे बड़े त्योहार में उन्हें वेतन नहीं दिया गया। दीपावली जैसे बड़े त्यौहार पर जहाँ पूरा प्रदेश खुशियां मना रही थीं।

### यादव समाज के लोगों ने गौ माता को बांधी सोहाई

**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर में यादव समाज द्वारा पारंपरिक मातर पर्व को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर, यादव समाज के लोगों ने गौ माता की विशेष पूजा-अर्चना की और उन्हें प्रेम एवं सम्मान के प्रतीक के रूप में सोहाई (एक प्रकार का सजावटी धागा या बंधन) बांधी। यह पर्व मुख्य रूप से पशुधन के प्रति कृतज्ञता और उनके कल्याण के लिए मनाया जाता है। मातर पर्व के दौरान पारंपरिक लोकगीत और नृत्यों का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरे शहर में भक्तिमय और उल्लासपूर्ण माहौल बना रहा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज का पर्व

**मैनपुर।** भाई बहन के स्नेह प्रेम और समर्पण का पर्व भाई दूज क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाई के माथे पर तिलक कर आरती उतारी व विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर उन्हें खिलाया तो वहीं भाइयों ने भी अपने बहनों को उपहार दिया बहनों ने अपने भाइयों की दीर्घायु की कामना की। मां दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि भाई दूज का पर्व यमराज एवं उनकी बहन यमुना से जुड़ा है बहन यमुना ने अपने भाई यमराज को बार-बार अपने घर भोजन के लिए आमंत्रित किया तो यमराज व्यस्तता के कारण नहीं आ पाए थे कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को जब बहन यमुना ने यमराज को पुनः बुलाया तो यमराज अपने बहन के घर गए यमुना ने उनका स्वागत किया तिलक लगाया और उन्हें विविध प्रकार का भोजन कराया यमराज अपनी बहन के प्रेम से इतने प्रसन्न हुए कि उन्हें वरदान मांगने को कहा तो यमुना ने वरदान मांगा कि इस तिथि को जो भी भाई अपने बहन के घरजाकर भोजन करेगा और बहन उसकी तिलक लगाकर आरती करेगी उस भाई को यमराज का डर नहीं रहेगा तब से भाई दूज मनाने की परंपरा चली आ रही है।

### बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपराः तुषार

**महासमुंद।** बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। देश में सर्वाधिक युवा है, बुजुर्ग उन्हें मार्गदर्शन देते रहें तो भारत को अग्रणी देश बनाया जा सकता है। ये बातें ग्राम गुड़रूडीह में भाजपा के सदस्य किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मातर महोत्सव कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार में बुजुर्गों की सदा आवश्यकता महसूस की जाती है। वरिष्ठजनों की जिम्मेदारी है कि वे अपने अनुभव का लाभ आने वाली पीढ़ी को आशीर्वाद के तौर पर दें। युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठजनों के अनुभव से ही समाज और देश समृद्ध होगा। कार्यक्रम में धनजी ध्रुव, नारायण पटेल, रमाकांत ध्रुव, अशोक साहू आदि मौजूद रहे। शेखर साहू, निगम निषाद आदि मौजूद रहे।

### गौरा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

**महासमुंद।** दीपावली के दूसरे दिन वार्डों में आयोजित गौरा गौरी पूजन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र शिखा वार्ड क्र.14 डा. अंबेडकर चौक, पुराना रावण भाठा, वार्ड क्र.03 अयोध्या नगर के गौरा गौरी विवाह उत्सव में शामिल होकर पूजा अर्चना की। क्षेत्र की समृद्धि खुशहाली की कामना करते हुए विधायक राजू सिन्हा ने कहा कि छग का यह पारंपरिक पर्व है। भगवान शिव एवं मां पार्वती को गौरा गौरी के प्रतिक के रूप पूजा जाता है। छग प्रदेश और यह क्षेत्र उत्तरोत्तर प्रगति भगवान शिव एवं शक्ति स्वरूपा के आशीर्वाद के कारण हो रहा है।

**विडंबना :** तौरेंगा का प्रसिद्ध विश्राम गृह गुमनामी के अंधेरे में, 25 साल पहले फिल्म अभिनेता असरानी रूके थे दो दिन

# तौरेंगा विश्राम गृह, कभी अटल जी और अभिनेता असरानी की थी पसंद, अब खो रही है पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत घने जंगल में स्थित तौरेंगा विश्राम गृह का गौरवशाली इतिहास अब धीरे-धीरे गुमनामी के अंधेरे में खोता जा रहा है। यह वही विश्राम गृह है, जहाँ देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल और यहाँ तक कि प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता असरानी भी ठहर चुके हैं। यह बात बहुत कम लोगों को मालूम होगी कि लगभग 38 वर्ष पहले (सन 1988 में) फिल्म अभिनेता असरानी बकायदा दो दिनों तक इस विश्राम गृह में रुके थे। उन्होंने पूरे क्षेत्र के जंगल का भ्रमण किया और गाँव के लोगों के साथ चर्चा की थी। असरानी ने यहाँ के प्रसिद्ध, अंग्रेज जमाने के ऐतिहासिक कुएं का पानी भी पिया था, जो आज भी वहाँ मौजूद है। वन विभाग के अतिथि स्वागत रजिस्टर में आज भी फिल्म स्टार असरानी का नाम अंकित है, जहाँ उन्होंने अपने हाथों से इस विश्राम गृह और क्षेत्र के जंगल की खूबसूरती तथा मनोरम दृश्यों के बारे में लेख लिखा है।



### बुनियादी सुविधाओं का अभाव और उपेक्षा

आज से 15 वर्ष पहले तक यह विश्राम गृह प्रदेश और देश में काफी प्रसिद्ध था, लेकिन क्षेत्र में नक्सली गतिविधि बढ़ने के बाद बड़े जनप्रतिनिधि और नेता यहाँ नहीं रुकते। विश्राम गृह अब जर्जर अवस्था में पहुँच रहा है। हालाँकि परिसर में दो विश्राम गृह हैं जिनमें चार कमरे हैं, लेकिन दो कमरों की स्थिति बेहद खराब हो गई है।गौरवशाली इतिहास के बावजूद, यह महत्वपूर्ण विश्राम गृह आज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। यहाँ आज भी सौर ऊर्जा से बिजली की व्यवस्था है, मुख्य बिजली नहीं है। सुविधा की कमी और नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण अब स्थानीय जनप्रतिनिधि भी यहाँ नहीं रुकते हैं, जिससे यह ऐतिहासिक स्थल धीरे-धीरे गुमनामी के अंधेरे में खोता जा रहा है।

**अटल जी और बड़े नेताओं का पसंदीदा ठिकाना-** मैनपुर से 22 किमी दूर, नेशनल हाईवे 130 सी के किनारे स्थित इस वन विभाग के विश्राम गृह का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सन 1982 में, लगभग 40 वर्ष पहले, देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ओडिशा से कार द्वारा लौटते समय यहाँ रुके थे और भोजन ग्रहण किया था। पं. श्यामाचरण शुक्ल उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के भीतर स्थित यह विश्राम गृह अविभाजित मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. पं. श्यामाचरण शुक्ल का काफी पसंदीदा विश्राम गृह था। जंगल और वन्यप्राणियों से लगाव होने के कारण वे अक्सर यहाँ रात्रि विश्राम करते थे और घंटों बैठकर वन्यप्राणियों को देखा करते थे। अन्य गणमान्य अतिथि यहाँ पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. विद्याचरण शुक्ल, पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी, अर्जुन सिंह, मोतीलाल वोरा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल केएम सेठ सहित अनेक बड़े जनप्रतिनिधि भी रुक चुके हैं।



## कोपरा में उल्लास के साथ मना मातर महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

पंचकोशी धाम की पवित्र नगरी कोपरा के पैरी नगर में इस वर्ष पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मातर मड़ाई महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस उत्सव का आनंद लेने के लिए आसपास के गाँवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक पहुंचे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण यादव समाज द्वारा निकाला गया मड़ाई डांग रहा, जिसने पूरे कार्यक्रम को एक पारंपरिक और धार्मिक स्वरूप प्रदान किया। महोत्सव स्थल पर विभिन्न प्रकार की दुकानों की सजीव पंक्तियां सजी थीं, जहाँ ग्रामीण उत्पादों, खिलौनों, मिठाइयों



और घरेलू वस्तुओं की जमकर खरीदी-बिक्री हुई। पूरे कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपराओं की अद्भुत झलक देखने को मिली। इसके अलावा, स्थानीय अखाड़ा समिति के खिलाड़ियों ने अपने हैरतअंगेज करतबों से लोगों का मन मोह लिया। युवाओं के उत्साह और दर्शकों की तालियों की गूंज से पूरा मैदान जोश से भरा रहा। हर वर्ष की तरह इस बार भी मातर मड़ाई महोत्सव ने कोपरा की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को नई ऊर्जा दी। आयोजन समिति ने इस विशाल उत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गौरा-गौरी विसर्जन के साथ मना अन्नकूट महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम रसेला सहित पूरे क्षेत्र में धनतेरस से शुरू हुआ दीपावली महापर्व, श्रद्धा, आस्था और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का संदेश देते हुए, बुधवार को गोवर्धन पूजा के साथ संपन्न हुआ। सोमवार को अमावस्या की काली रात दीयों और रोशनी से जगमगा उठी, जहाँ शुभ मुहूर्त में धन की देवी महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर घर-परिवार और कारोबार में सुख-समृद्धि की कामना की गई। ग्रामीणों ने बताया कि रसेला अंचल में यह पर्व 100 सालों से भी अधिक समय से बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दीपावली की रात बाजे-गाजे के साथ कलश निकालकर गौरा-गौरी (भगवान शंकर और माता पार्वती) की प्रतिमा बैठाई गई। गौरा चौक पर भारी संख्या में एकत्रित होकर महिलाओं ने रात्रि जागरण कर पूजा-अर्चना की और खुशहाली व समृद्धि की प्रार्थना की। अगले दिन विधिवत पूजा के बाद गांव भ्रमण करते हुए गौरा-गौरी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

**अन्नकूट और गोवर्धन पूजा का उत्साह-** इस वर्ष अन्नकूट महोत्सव बुधवार को मनाया गया। 22 अक्टूबर को सुबह से ही किसानों ने कोचई, मखना, कांदा, पुड़ी, खीर, बड़ा सहित कई प्रकार के पकवान बनाकर घरों-घर गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया। विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद गौमाता को खिचड़ी खिलाई गई और सोहाई बांधी गई। इस दौरान यादव समाज के पारम्परिक दोहा गीत और घरों में काछन निकलने की परंपरा ने गोवर्धन पूजा पर्व की खुशियों को दोगुना कर दिया। शाम को साहड़ा चौक में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना और महाआरती कर एक-दूसरे को गोबर का टीका लगाकर सम्मान दिया गया।

**सामाजिक समरसता का संदेश-** इस अवसर पर ग्राम पटेल लोकराम यादव ने कहा कि, यह त्योहार सामाजिक समरसता के प्रतीक भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा है। भगवान श्रीकृष्ण ने अंधविश्वास को दूर कर समाज को यह संदेश दिया कि कर्म से बड़ा कुछ भी नहीं है। ग्राम प्रमुख डी आर यादव ने गौ माता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, /"देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख-समृद्धि प्रदान करती हैं, उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इसलिए गौ को सम्पूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय और आदरणीय माना जाता है। इस प्रकार, रसेला और आसपास के क्षेत्र में दीपावली और गोवर्धन पूजा का त्योहार हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ।

## गोवर्धन पूजा में विधायक सहित कई नेता हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर शहर के साहड़ा देव मंदिर में भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनसमुदाय और राजनैतिक हस्तियाँ शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक इन्द्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, नवल साहू, सभापति सहदेव कंसारी, निर्मला-धीरज साहू, पूजा कंसारी, पार्षद नम्मु ध्रुव, जीना निषाद, परदेशी साहू, सौरभ जैन, फेकनू साहू, अकरम रिजवी और दिलीप सेवानी उपस्थित थे। विधायक इन्द्रकुमार साहू ने इस अवसर पर यादव समाज सहित उपस्थित समस्त जनसमुदाय को दीपावली और गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन ने पर्व के उल्लास को और बढ़ा दिया, जहां सभी ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएँ दीं।

## सहसपुर में धूमधाम से मनाया गया मातार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

क्षेत्र के ग्राम पंचायत सहसपुर में दीपावली मातर महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गांव से बड़ी संख्या में लोग गौठान पर पहुंचे थे और भव्य मातर महोत्सव का आयोजन किया गया था। मातर महोत्सव में अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम व रंगोली से लेकर ओलंपिक खेल का आयोजन हुआ। इस दौरान गांव के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही और गांव के प्रथम नागरिक सरपंच लता नरसशुर ध्रुव भी मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति में मातर महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। इस दौरान लताबाई ध्रुव, सरपंच नरशू ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि विद्या साहू,





उपसरपंच पंच किरण साहू, ओमबाई टिकेश्वरी, चमन, रेखा, यामिनी कंवर, शारदा वर्मा, रोहित धनकर, भृत्य गौतम साहू, उत्तम साहू, रमन सेन, हेमंत साहू, देवेंद्र वर्मा, रेवती रमण ध्रुव, डेविड ध्रुव, खिलेश्वर भीम साहू, ठाकुर राम साहू, शारदा सहित गांव के महिलाएं छोटे बच्चे व युवा मौजूद रहे।

**धवलपुर और चिखली में गोवर्धन उत्सव पर उमड़ी भीड़**

# यादव समाज का गौ रक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 11 किलोमीटर दूर ग्राम धवलपुर और चिखली में गुरुवार को आयोजित गोवर्धन उत्सव कार्यक्रम में बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव शामिल हुए। विधायक के आगमन पर गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक श्री ध्रुव ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने यादव समाज की सराहना की। उन्होंने कहा कि, यादव समाज द्वारा प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से समाज में एकता और भाईचारा बनी रहती है। उन्होंने गौ रक्षा के क्षेत्र में यादव समाज के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, यादव समाज गौ रक्षा के क्षेत्र में जो कार्य कर रही है, वह अपने आप में मिसाल है। गौ माता की सेवा सबसे बड़े पुण्य का काम है।/" उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को गोवर्धन पूजा की बधाई दी और कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ सेवा को बहुत बड़ा पुण्य माना गया है। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन और मांग पत्रों को विधायक ने जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।



**बच्चों की शिक्षा और संगठन पर जोर-** कार्यक्रम की विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि गोवर्धन पूजा गौवंश की पूजा आराधना के साथ ही उनकी सुरक्षा और सेवा का संकल्प लेने का पर्व है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे अब अपने बच्चों की शिक्षा पर और ज्यादा ध्यान दें। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए संगठित रहना बहुत जरूरी है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और नेताओं की उपस्थिति-** चिखली तथा कस में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में भी विधायक जनक ध्रुव शामिल हुए और पूजा-अर्चना की। इस दौरान यादव समाज द्वारा पारंपरिक राउत नाचा, लाठीचाल एवं अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्हें देखने हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित श्यामा प्रसाद मिश्रा, गरियाबंद नगरपालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य राधा बाई नागेश, ममता मरकाम, सरपंच तुलसी ध्रुव, दिनेश नेताम, हेमकुमारी नेताम, बिसाहिन मरकाम, उधराज सोरी, रमशिला नेताम, राजी बाई सोरी, अर्जुन लाल सोरी, तुताराम यादव, कुलेश्वर सिन्हा, मनीराम यादव, रामसिंह यादव, उदेराम यादव, सुखीराम यादव, पीलाराम यादव, रामदयाल यादव, पुनित राम यादव, केजूराम यादव, शांतु यादव, बहादुर यादव, आनंद यादव, कवलसिंह यादव, रमेश यादव, अनील यादव, लखन यादव, लोकसिंह यादव, मोतिराम यादव, बसंत यादव, तुलेश राजपूत, केदार दाउ, कंदर्प प्रधान, निलमगिरी, नरेश बघेल, मुकेश पटेल, हबिब मेमन, रामलाल निशाद, रामकुमार गुप्ता, श्यामलाल सेन, बृजलाल चक्रधारी, नोहर महिलांग, जुगसा कश्यप, कार्तिक राम पटेल, मेघराज कंसारी, श्यामलाल विश्वकर्मा, नारद ध्रुव, उदेराम कुंजाम, पीके देव, भक्त प्रहलाद निर्मलकर, रोहिदास यादव, खेमराज यादव, बजरंग यादव एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

